# प्रकृति कार्यक्रम के अंतर्गत वन उत्पादकता संस्थान, रांची द्वारा "पौधशाला एवं रख रखाव" विषय पर जवाहर नवोदय विद्यालय, मेसरा, रांची के विद्यार्थियों एवं शिक्षकों को एक दिवसीय प्रशिक्षण - 05.01.2019

भारतीय वानिकी अनुसंधान एवं शिक्षा परिषद् देहरादून तथा नवोदय विद्यालय समिति द्वारा हस्ताक्षरित समझौते ज्ञापन ( Memorandum of Understanding) के अनुपालना मे **"प्रकृति"** कार्यक्रम के तहत वन उत्पादकता संस्थान रांची द्वारा जवाहर नवोदय विद्यालय मेसरा रांची में संस्थान के निदेशक डा. नितिन कुलकर्णी के निर्देशन में दिनांक 05.01.2019 को एक दिवसीय पौधशाला एवं रख रखाव पर प्रशिक्षण आयोजित किया गया| संस्थान के समुह समन्वयक अनुसंधान डा. योगेश्वर मिश्रा एवं अन्य अधिकारियों का विद्यालय के प्राचार्य महोदय ने स्वागत किया|

संस्थान के अनुसंधान समन्वयक समुह डा. योगेश्वर मिश्रा ने विद्यार्थियों एवं शिक्षकों को पौधशाला एवं रख रखाव विषय पर विस्तृत जानकारी से अवगत कराया| डा. योगेश्वर मिश्रा ने पौधशाला को परिभाषित करते हुए इनके प्रकार, पौधशाला स्थापित करने हेतु स्थान का चयन, उपयुक्त समय एवं पौधशाला के विभिन्न प्रकार के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की| विभिन्न प्रजातियों के बीजो एवं वर्धि अंगो से पौध उत्पादन के विधियों का भी वर्णन किया गया| विभिन्न वन प्रजाति के बीज,कटिंग एवं उतक सवर्धन से कैसे पौधशाला में पौध तैयार किया जा सकता इस पर विद्यार्थियों एवं शिक्षकों को अवगत कराया गया | पौली बैग, हैकोपोट में मीडिया भरने की बिधि से भी अवगत कराया गया| विभिन्न तरह के कीटों के प्रकोप से पौधशाला की सुरक्षा हेतु विषय पर भी विस्तार से चर्चा की गई| छात्रों द्वारा भी ग्लोबल वार्मिंग एवं कीट लगने के कारको के बारे में पूछे गए रोचक प्रश्नों का संतोषजनक जवाब दिया गया| संस्थान के श्री एस. एन. वैद्य, सहायक मुख्य तकनीकी अधिकारी ने प्रयोगात्मक तौर पर पौलिबग भरने एवं बेड में सजाने के बारे में विद्यार्थियों को बताया तथा विद्यार्थियों को अनुसरण भी कराया गया|

नवोदय विद्यालय के प्रिंसिपल डॉ. दीपक मोदी द्वारा विद्यालय के कैंपस में लगभग दो एकड़ भूमि की उपलब्धता सुनिश्चित कराई गई जिसका उपयोग आगामी जुलाई में बांस के पौधो के उपयुक्त प्रजाति के पौधा रोपण हेतु किये जाने की मंशा जताई| इस हेतु विद्यालय द्वारा आवश्यक्ता दर्शाए जाने के आधार पर पौधो की उपलब्धता संस्थान द्वारा सुनिश्चित किये जाने हेतु सहमति दर्शाई गई | आगामी जुलाई के महीने में संस्थान के तकनीकी निर्देशन में बांस का रोपण किया जायेगा| संस्थान के इस सहयोगात्मक कदम को नवोदय विद्यालय समिति ने सराहनीय बताया तथा इसके लिए संस्थान एवं संस्थान से आये सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को धन्यवाद प्रेषित किया| श्री निसार आलम, सहायक मुख्य तकनीकी अधिकारी ने इस कार्यक्रम में अपना योगदान दिया|

इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में जवाहर नवोदय विद्यालय, मेसरा रांची के बिभिन्न वर्ग के 43 विद्यार्थियों ने भाग लिया|

Smart Class

स्थापित :- 1987
Ph:- 2271836,
जवाहर नवोदय विद्यालय
मेसरा, राँची
(झारखण्ड) 835215
मानव संसाधन विकास मंत्रालय, शिक्षा एवं साक्षरता विभाग, भारत सरकार